पौध उत्पादन एवं रोपणी प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

(दिनांक 22 से 24 सितम्बर, 2016)

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा "पौध उत्पादन एवं रोपणी प्रबंधन" पर दिनाँक 22 से 24 सितंबर, 2016 के मध्य IORA Ecological Solution नई दिल्ली से संबधित स्व-सहायता समूह के सदस्यों हेतु त्रीदिवसीय प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वानिकी प्रजातियों के उन्नत पौधो को तैयार करने हेतु विभिन्न विषयों यथा स्वस्थ बीजों का चयन एवं उपचार, भंडारण, कायिक प्रजनन द्वारा विभिन्न प्रजातियों की पौध तैयार करने की विधि , औषधीय पौधों को ग्राफ़टिंग विधि से तैयार करने की विधि , वन रोपणियों में लगने वाले विभिन्न कीट तथा रोग एवं उनका प्रबंधन तथा रोपणी स्थापना तथा उसके प्रबंधन आदि विषयो पर तकनिकी ज्ञान एवं प्रदर्शन किया गया